भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3630
सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना

3630. श्रीमति गीता कोडाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार झारखंड में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना तैयार कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में राज्य सरकार को कितनी धनराशि जारी की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): इको पर्यटन सहित पर्यटन का विकास एवं संवर्द्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के तहत झारखंड सहित देश में इको-परिपथों के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी धनराशि के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती है। राज्य सरकार द्वारा परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति और उनकी स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है।

झारखंड सहित देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना के सम्बन्ध में दिनांक 20.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3630 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के इको पर्यटन परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु में)

क्रम सं	**राज्य का नाम**	**स्वीकृति का वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी-चंबा-सराइन में टिहरी झील के आसपास परिपथ का विकास।	69.17	65.71
2.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिलों (सोमसिला, सिंगोटम, कदलाईवनम, अक्कमहादेवी, इगलनपंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेथीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	87.04
3.	केरल	2015-16	पथानामथिट्टा- गावी- वागामोन- थेक्कडी का विकास।	76.55	61.24
4.	मिजोरम	2016-17	आइजोल- रॉपुइछिप - ख्वाफवाप - लेंगपुई - डर्टलांग - चटलांग - साकवरहमुइतुएतलांग - मुथी - बेरातलावंग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53
5.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध- तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ा घाट- बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	94.61	79.70
6.	झारखंड	2018-19	दलमा- चांडिल - गेतालसूद - बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिर्चैया - नेतरहाट का विकास	52.72	15.07
			कुल	**451.04**	**358.29**

****